विंध्य धाम और काशी विश्वनाथ धाम को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने का प्रयास : योगी

सीएम ने मिर्जापुर को दी 500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

संवाद न्यूज एजेंसी

कहा- आपने अच्छे जनप्रतिनिधि दिए तो अच्छी योजनाएं मिलीं

अब उच्च डिग्री में भी होगा मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद

सीएम योगी ने मिर्जापुर के बीएलजे इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बच्ची को सम्मानित किया। साथ में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल। -संवाद

मिर्जापुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरठ से प्रयागराज के बीच देश का सबसे बड़ा गंगा एक्सप्रेसवे बन रहा है। हमारा प्रयास है कि मां विंध्यवासिनी धाम से बाबा विश्वनाथ धाम के साथ ही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से विंध्य एक्सप्रेसवे को जोड़ा जाए। सीएम ने कहा कि अब स्नातक और परास्नातक की डिग्री में भी मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद होगा। युवाओं को यहीं नौकरी मिलेगी। इसीलिए यहां से एक्सप्रेसवे ले जा रहे हैं।

मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी के आशीर्वाद और डबल इंजन सरकार से विकास की गति तेज हुई है। हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर बृहस्पतिवार को महुवरिया स्थित बीएलजे इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित विकास उत्सव कार्यक्रम में 500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बाल विकास परियोजना विभाग के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिया।

उन्होंने कहा कि आपने अच्छे जनप्रतिनिधि दिए तो आपको अच्छी परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। पिछले आठ साल में जिले में मेडिकल कॉलेज, बाणसागर परियोजना, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का लाभ मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आठ साल पूरे होने पर मैं आपका अभिनंदन करने मिर्जापुर आया हूं। डबल इंजन की सरकार को आपका आशीर्वाद मिला तो आपको अच्छी योजनाएं मिलीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन से आतिथ्य सत्कार में मिर्जापुर, भदोही और सोनभद्र का अद्भुत योगदान था। मैं तीनों जिलों का आभार व्यक्त करता हूं। महाकुंभ ने पूरी दुनिया को आकर्षित किया। महाकुंभ की भीड़ लगातार मां विंध्यवासिनी के धाम में भी आती रही। धार्मिक कार्यों से आर्थिक विकास संभव है, यह महाकुंभ ने दिखा दिया। विंध्यधाम में लाखों लोग आ रहे।

सीएम ने दी नवरात्र की बधाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चैत्र नवरात्र के लिए श्रद्धालुओं की व्यवस्था देखने और विश्वविद्यालय के काम को तेज करने और योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए आए हैं। कहा कि सीएम युवा उद्यमी ऋण में पांच लाख रुपये का ऋण मिल रहा है, जो उद्यमी चुकता करेंगे, उन्हें 10 लाख का ऋण मिलेगा। उन्होंने लोगों को नवरात्र और रामनवमी की बधाई दी।

औद्योगिक हब बन सकता है जिला : अनुप्रिया

केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की परिधि से निकलकर विकसित राज्य बन रहा है। यह राज्य औद्योगिक हब बन सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे मेडिकल कॉलेज में पीजी की सीटें बढ़ाएं। कहा कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनवाने और चुनार की दम तोड़ती माटीकला के लिए सर्वे पार्क व अर्बन हॉट बनवाने की जरूरत है। कहा कि जिले में ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाए। उन्होंने ही हलिया में एक और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग की।